Seventeenth Loksabha

an>

Tilte: Need to take steps to save diamond mines of Panna in Madhya Pradesh.

श्री विष्णु दत्त शर्मा (खजुराहो) : अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे जीरो ऑवर में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं ।

सबसे पहले मैं अपने खजुराहो लोक सभा क्षेत्र की जनता की ओर से देश के यशस्वी प्रधान मंत्री और गृह मंत्री जी का आज के ऐतिहासिक निर्णय पर बहुत-बहुत शुभकामनाएं और बधाई देता हूं । अध्यक्ष जी, पन्ना जिला मेरे क्षेत्र में है, जहां हीरे की खदानें हैं । देश के अंदर हीरे की खदान मात्र पन्ना जिले में हैं । एन.एम.डी.सी. द्वारा वे खदानें संचालित हो रही हैं । ये खदानें देश में बड़ी मात्रा में राजस्व देती हैं तथा हजारों लोगों को इनके माध्यम से रोजगार भी मिलता है । पन्ना टाइगर रिजर्व के कारण वहां की हीरे खदानें संकट में हैं । आज कई प्रकार के कोर्ट के केस होने के कारण हीरा की खदानें संकट में आई हैं । इसलिए, मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि खनिज विभाग और वन पर्यावरण मंत्रालय कुछ रास्ता निकाल कर हीरे की खदानों को बचाने का प्रयास करें । देश के अंदर हीरे की खदानें मात्र पन्ना जिले के अंदर हैं और ये ऐतिहासिक खदानें हैं । उनको बचाया जाए और पन्ना के अंदर डायमंड पार्क की स्थापना की जाए । इसके लिए आज मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं ।